पत्रांक–9074/न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

जय प्रकाश मंडल
सरकार के विशेष सचिव

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना

पटना, दिनांक 7 दिसम्बर, 2016.

विषय :– **नगर पंचायत निर्मली में विभाग द्वारा कार्यान्वित मुख्य मंत्री निश्चय योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन ।**

प्रसंग :– विभागीय आदेश ज्ञापांक 8840 दिनांक 28.11.2016 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 01.12.2016 को नगर पंचायत, निर्मली का भ्रमण कर मुख्य मंत्री निश्चय योजना यथा "हर घर नल–जल योजना/शहरी नाली–गली पक्कीकरण योजना/हर घर शौचालय निर्माण योजना" तथा विभाग द्वारा कार्यान्वित HFA योजना की समीक्षा की गयी । इस सम्बन्ध में प्रतिवेदन बिन्दुवार निम्नवत् है :–

1. हर घर नल–जल योजना :–

नगर पंचायत, निर्मली में हर घर नल–जल योजना का कार्यान्वयन BRJP द्वारा किया जा रहा है । इसकी कुल लागत 736.505 लाख रुपये है जिसके तहत दो उच्च प्रदायी नलकूप, दो पम्प गृह, दो पम्प मोटर (60 HP), दो ट्रांसफॉर्मर (100 KV), 09 कि0मी पाईप बिछाने का कार्य, एक लाख गैलन क्षमता के दो जलमीनार, 100 लीटर क्षमता के दो क्लोरीनेटर, 36 स्टैण्ड पोस्ट, 200 मीटर चाहरदिवारी, 20 मीटर पहुँच पथ तथा दो मेनगेट का निर्माण किया जाना है । इनमें से जलमीनार का कार्य प्रगति पर है । पाईप बिछाने का कार्य किया जा चुका है । मुख्य अभियन्ता, BRJP द्वारा दूरभाष पर बताया गया कि मार्च, 2017 तक कार्य पूर्ण करने का समय निर्धारित है एवं उक्त अवधि तक कार्य पूरा कर लिया जायेगा ।

2. शहरी गली–नाली पक्कीकरण योजना :–

इस योजना के अन्तर्गत कुल 12 वार्डों में वार्ड सभा द्वारा वार्डवार 99 योजनाओं का चयन कर उन्हें वेबसाईट पर अपलोड किया गया है । इसमें से 4 योजनाओं को अभी तक पूर्ण किया गया है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश

दिया गया कि उपलब्ध राशि के अनुसार शेष योजनाओं में शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें ।

3. हर घर शौचालय निर्माण योजना :–

इस योजना के तहत कुल 12 वार्डों में शौचालयविहीन परिवारों की संख्या 2972 है । वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य 657 के विरूद्ध ऑनलाइन 728 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 534 का कार्यादेश निर्गत किया गया है । इसमें 345 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है तथा 122 लाभुकों को द्वितीय किस्त का भी भुगतान किया जा चुका है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्राप्त लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

4. HFA योजना :–

इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 60 के विरूद्ध 60 लाभुकों को आधार कार्ड से टैगिंग करते हुए बैंक में खाता खोलवाकर भूमि का सत्यापन कर लिया गया है । इसमें से 45 लाभुकों के साथ एकरारनामा पूर्ण करते हुए प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभुक 50,000.00 रुपये का भुगतान किया गया है । 43 लाभुकों द्वारा फाउंडेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है । इसमें से 25 लाभुकों को द्वितीय किस्त के रूप में प्रति लाभुक एक लाख रुपया का भुगतान भी किया जा चुका है ।

इस योजना के तहत श्री राम कुमार दास पिता श्री सुखदेव दास, वार्ड नं0–05 से सम्बन्धित अभिलेख का भी अवलोकन किया गया । दिनांक 30.06.2016 को आयोजित वार्ड सभा की बैठक में इनका चयन किया गया है । अभिलेख में संधारित शपथ–पत्र एवं जमीन से सम्बन्धित कागजातों को देखा । जमीन से सम्बन्धित कागजात इनके पिता के नाम से निर्गत है । बँटवारा से सम्बन्धित कागजात अथवा डीड नहीं पाया गया । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कागजात प्राप्त कर अभिलेख में लगा दें । इनका स्थल निरीक्षण भी किया गया एवं फाउंडेशन तक कार्य किया हुआ पाया गया । द्वितीय किस्त के रूप में एक लाख रुपया इनके खाता में RTGS के माध्यम से हस्तान्तरित की गयी है ।

कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि उक्त सभी योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

विश्वासभाजन,
7.12.16

(जय प्रकाश मंडल)
सरकार के विशेष सचिव